


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 23 मार्च-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 177 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







# ...संकट में दुनिया

## युद्ध का असर लंबा चल सकता है, हमें कोरोना की तरह तैयार रहना होगा

**● समाधान के लिए पूरा विश्व कर रहा आग्रह**



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जंग के हालातों को लेकर पीएम मोदी ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि इस समय वहां हालात चिंताजनक हैं। जय शंकर जी ने सदन को जरूरी जानकारी दी है। 3 हफ्ते से ज्यादा समय से यह संकट को हो गया है। लोगों के जीवन पर विपरीत असर हो रहा है। पूरी दुनिया इसके जल्द समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह कर रही है। भारत में बड़ी मात्रा में कच्चा तेल, फर्टिलाइजर जैसी जरूरी चीजें होर्मुज से आती हैं। युद्ध के बाद से ही यहां से जहाजों का आना जाना बाधित हुआ है। हमारी कोशिश रही है कि तेल-गैस का संकट न हो। हम सभी जानते हैं देश अपनी जरूरत की 60 प्रतिशत LPG प्रोडक्शन करता है। हमने देश में इसके उत्पादन को बढ़ावा दिया है। पेट्रोल डीजल की स्पलाई सुचारू होती रहे इस पर भी काम जारी है। हमारी कोशिश है कि तेल-गैस संकट न हो। सरकार अलग अलग देशों के सप्लायर्स से संपर्क में है। प्रयास है जहां से संभव हो वहां से सप्लाई होती रहे। तेल गैस फर्टिलाइजर से जुड़े जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचे, इसके लिए सहयोगियों से संवाद कर रहे हैं। यह जरूरी है कि भारत की संसद से एकमत और एकजुट आवाज दुनिया में जाए। जब से यह युद्ध शुरू हुआ है। तब से प्रभावित देशों में हर भारतीय को जरूरी मदद दी जा रही है। मैंने खुद 2 बार फोन पर बात की है। सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

### 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित लौटे

दुर्भाग्य से कुछ लोगों की मौत हुई और कुछ घायल हुए हैं। उनके परिवारों से बात की जा रही है। मदद पहुंचाई जा रही है। वहां रहने वाले भारतीयों को हमारे मिशन जरूरी मदद पहुंचा रहे हैं। भारत में और बाकी देशों में 24X7 हेल्पलाइन जारी हैं। अभी 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही हजार भारतीय सुरक्षित लौटे हैं। 700 से ज्यादा मेडिकल की पढ़ाई करने वाले युवा हैं।

## पाकिस्तानी को खुफिया जानकारी भेजने वाला एयरफोर्स स्टेशन का कर्मचारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वायुसेना और राजस्थान इंटेलिजेंस की टीम ने असम के वायु सेना अड्डे में तैनात एक कर्मचारी को पाकिस्तान की जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया कर्मचारी 36 वर्षीय सुमित कुमार, वायुसेना में मल्टी-टास्किंग स्टाफ (MTS) के पद पर तैनात था। आरोप है कि वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों को लड़ाकू विमानों की तैनाती और मिसाइल प्रणालियों जैसी बेहद संवेदनशील जानकारी लीक कर रहा था। सुमित यूपी के प्रयागराज स्थित लाहुरपार का निवासी है। फिलहाल आरोपी के खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले पुलिस ने जासूसी के आरोप में जैसलमेर के रहने वाले झबरा राम को गिरफ्तार किया था।

## मासूम से दुष्कर्म मामले में अदालत सख्त हरियाणा के DGP से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** हरियाणा में चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। शीर्ष अदालत ने सीबीआई-स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की जांच कराए जाने की मांग वाली याचिका पर हरियाणा सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त (सीपी) और मामले की जांच कर रहे अधिकारी (आईओ) को मामले के सभी रिकॉर्ड के साथ 25 मार्च को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया है। हरियाणा के एडवोकेट जनरल को राज्य में कार्यरत महिला आईपीएस अधिकारियों के नाम सुझाने का भी निर्देश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि बच्ची के माता-पिता द्वारा दायर हलफनामे से पता चलता है कि पीड़ित से न्यायालय में जिस तरह से पूछताछ की गई, वह भी बेहद परेशान करने वाली है।

## मस्जिद हटाने की मांग पर अड़े कैबिनेट मंत्री

**● श्रृंगवेरपुर में धरने पर बैठे संजय निषाद**



**प्रयागराज।** निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद श्रृंगवेरपुरधाम में जीटी रोड पर धरने पर बैठ गए हैं। उनके साथ पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद हैं। संजय निषाद मांग है कि श्रृंगवेरपुर धाम में मंदिर के पास बने मस्जिद को तत्काल हटवाया जाए। उन्होंने यहां पर अवैध रूप से कब्जे का भी आरोप लगाया है। धरने की सूचना पर बड़ी संख्या में फोर्स और स्थानीय पुलिस अधिकारी पहुंच गए हैं। संजय निषाद इसके पहले भी मस्जिद हटवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। योगी सरकार में कैबनेट मंत्री संजय निषाद समर्थकों के साथ प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर बैठ गए हैं। इसके चलते आवागन बाधित हो गया है। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई है। मंत्री मस्जिद को हटाने के साथ ही यहां पर हो रहे अवैध अतिक्रमण, अवैध खनन को भी रोकने की मांग कर रहे हैं। कहा कि निषादराज के किले का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। जाम के चलते यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

## तरावट के दिन खत्म बढ़ेगी तपिश, झुलसाएगी धूप



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बीते तीन दिनों के दौरान झोंकेदार हवाओं के साथ गरज-चमक वाली बारिश दर्ज की गई। कई जिलों में तापमान सामान्य से 10 डिग्री या इससे भी नीचे आ गया था। रविवार को बलिया और गोरखपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि रविवार से विक्षोभ का असर कमजोर पड़ गया है और बारिश का दौर थमने से आगे मौसम शुष्क रहेगा। विभाग का कहना हैकि अब धूप की तपिश बढ़ने से प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अगले सात दिनों में दिन के तापमान में सात से दस डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। मध्यांचल में एक दिन में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़त दर्ज हुई।

## ममता को ही चुनेगी प.बंगाल की जनता

**● अखिलेश का दावा**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती के पर उनको नमन किया। अखिलेश यादव ने लोहिया पार्क गोमतीनगर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. लोहिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा चुनाव आयोग के माध्यम से कितनी भी बाधाएं लगाए, लेकिन पश्चिम बंगाल की जनता पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार को ही चुनेगी। पश्चिम बंगाल में हर स्तर पर ममता बनर्जी ने काम किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि आज जनगणना के लिए जो विज्ञापन जारी किया गया है उसमें जाति का विकल्प नहीं दिया गया है। समाजवादी पार्टी हमेशा से मांग करती रही है कि जिसकी जितनी भागेदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। कार्यकर्ताओं पर रसोई गैस की किल्लत के प्रदर्शन पर एफआईआर दर्ज कराए जाने पर अखिलेश बोले कि अंग्रेजी में एक कहावत है, उसका हिंदी अर्थ है कि जब लोहा गरम हो तो हथौड़े से वार करना चाहिए। अखिलेश ने ये कहावत दो बार दोहराई।

## सोने में आज 12 हजार चांदी में 31 हजार गिरावट



**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोने चांदी की कीमतों में लगातार गिरावट जारी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 12,077 रुपए घटकर 1.35 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.47 लाख थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 30,864 रुपए घटकर 2.01 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.32 लाख रुपए किलो थी। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 24 दिन में 23,956 और चांदी 65,200 सस्ती हुई है।

## शेयर बाजार में गिरावट जारी

**● सेंसेक्स 1556 अंक गिरा, डॉलर के मुकाबले रुपया पहली बार 93.90 के पार**

**नई दिल्ली।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। वहीं पिछले दिन शुक्रवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक उछलकर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ था, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.35 अंक की बढ़त के साथ 23,114.50 पर बंद हुआ था। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बड़ी गिरावट के साथ खुला। आज यानी 23 मार्च को बड़ी गिरावट है। सेंसेक्स करीब 1,800 अंक (2.50 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 72,700 पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में भी करीब 600 अंक (2.60 प्रतिशत) की गिरावट है, ये 22,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।




# अब एलपीजी में होगी गैस की कटौती!

## ईरान-इजराइल-अमेरिकी जंग का असर : 14.2 की जगह भरी जाएगी सिर्फ 10 किलो गैस

**● सरकारी तेल विपणन कंपनियां आपूर्ति को राशनिंग के माध्यम से करने की बना रही योजना**




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास उत्पन्न व्यवधानों से घरेलू एलपीजी भंडार प्रभावित होने लगा है, ऐसे में भारत की सरकारी तेल विपणन कंपनियां घरेलू एलपीजी आपूर्ति को राशनिंग के माध्यम से करने की योजना पर विचार कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रस्ताव में मानक 14.2 किलोग्राम के सिलेंडरों में लगभग 10 किलोग्राम एलपीजी भरने की बात कही गई है, ताकि मौजूदा आपूर्ति को वर्तमान संकट के दौरान अधिक से अधिक घरों तक पहुंचाया जा सके। भारत अपनी एलपीजी की लगभग 60 प्रतिशत आवश्यकता के लिए आयात पर निर्भर है और हालिया आपूर्ति आंकड़ों से आवक में भारी गिरावट का संकेत मिलता है। फिलहाल भारतीय बंदरगाहों की ओर कोई नया मालवाहक जहाज आने की सूचना नहीं है, जबकि पिछले सप्ताह केवल सीमित संख्या में जहाज ही जलडमरूमध्य को पार कर पाए, जिससे अनुमानित मात्रा में एलपी-जी आई जो राष्ट्रीय मांग के एक दिन की आवश्यकता को भी मुश्किल से पूरा कर पाएगी। भारत जाने वाले कई एलपीजी वाहक फारस की खाड़ी में मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। आम तौर पर, एक 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर एक औसत घर में लगभग 35 से 40 दिनों तक चलता है। रिपोर्ट में उद्धृत अधिकारियों ने सुझाव दिया कि 10 किलोग्राम का रिफिल भी लगभग एक महीने तक चल सकता है, जिससे अधिकारियों को संकट के दौरान सीमित आपूर्ति को अधिक समान रूप से वितरित करने में मदद मिलेगी।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाईव
● तापमान अधिकतम : 33.7⁰C
● तापमान न्यूनतम : 18.8⁰C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 23 मार्च, सोमवार, 2026 (3)







# नवरात्र के पांचवें दिन पूजी गयीं माता स्कन्द

## जैतपुरा स्थित मंदिर में भोर से लगी श्रद्धालुओं की लंबी कतार





### ● नारियल और अड़हुल के फूल की माला चढ़ाने का विशेष महत्व

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नवरात्र के पांचवे दिन माँ स्कंदमाता के रूप का दर्शन का विधान है। वाराणसी के जैतपुरा में माँ स्कंदमाताबागेश्वरी देवी के रूप में विद्यमान है। आज भोर से यहां श्रद्धालुओं की लंबी लाईन लग गयी। यहाँ माँ स्कंदमाता का बागेश्वरी रूपी भव्य मंदिर मंदिर अति प्राचीन है। रात्री से ही यहाँ माँ के दर्शनों के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ती है। माँ स्कंदमाता रूपी बागेश्वरी को विद्या की देवी माना जाता है . इसी लिए यहा छात्र भक्तो की खासी भीड़ रहती है। यहाँ माँ को नारियल चढ़ाने का विशेष महत्व है। माँ को चुनरी के साथ लाल अड़हुल की माला व मिष्ठान भी भोग लगाया जाता है। जिससे माँ अपने भक्तो को सद्‌बुद्धि व विद्या के अनुरूप वरदान देती है। वाराणसी का स्कन्द माता बागेश्वरी रूपी दुर्गा मंदिर सैकड़ो वर्षो से भक्तो की आस्था का केंद्र रही है। शारदीय नवरात्र में इनके दर्शनों का विशेष महत्व है। इसी समय भक्त माँ के दर्शनों व पूजन करते है और माँ स्कंदमाता रूपी बागेश्वरीजी उनकी मनोकामना पूर्ण करती है। कोई अपने लिए विद्या मांगता है तो कोई नौकरी मांगत है। नवरात्र के दिनों में भक्त माँ के दर्शन करते है और और उनसे अपनी मान की इक्षा जाहिर करते है. और माँ भी अपने भक्तो की कामना पूर्ण करती है।

# नदेसर पीसीएफ प्लाजा में लगी आग

### ● दुकान छोड़कर भागे दुकानदार, दर्जनों दुकानें जलकर राख करोड़ों की क्षति

**वाराणसी।** वाराणसी के नदेसर में स्थित पीसीएफ प्लाजा में सोमवार को भीषण आग लग गई। शार्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात कही जा रही है। अचानक आग तेज होने से कुछ दुकानदार दुकान छोड़कर भागे और अपनी जान बचाई। इस बिल्डिंग के पहले ग्राउंड फ्लोर पर एक गैलरी में आग लगी जिसमें करीब एक दर्जन दुकानें हैं। इसमें कंप्यूटर, लैपटाप, कमानी, अर्थिंग्स, वायर की ज्यादादर दुकानें है जो जलकर राख हो गई। दुकानदारों के अनुसार, करीब एक करोड़ का नुकसान हुआ है। करीब 2 घंटे तक लगातार प्रयास के बाद फायर ब्रिगेड के जवानों ने आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड चेतगंज के प्रभारी दीपक सिंह ने बताया, एक दुकान में शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई थी, आग पर काबू पा लिया गया है। नदेसर स्थित पीसीएफ बिल्डिंग तीन मंजिला की है। यहां 100 से ज्यादा दुकानें व आफिस हैं। इसी बिल्डिंग में सेकेंड फ्लोर पर उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम का भी आफिस है। इसके अलावा तमाम कमर्शियल आफिस भी है। इसके बावजूद यहां बड़ी लापरवाही है। ग्राउंड फ्लोर एंट्री करते ही खुले तार हैं जो बहुत पुराने हो चुके हैं।


## 2575.44 करोड़ के अनुमानित बजट को मिली हरी झंडी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में रविवार को मैदागिन स्थित टाउनहाल भवन में आयोजित सदन की बैठक वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 2575.44 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट को भी हरी झंडी मिल गई, जो शहर के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाई देने वाला है। इसमें नगर निगम 2262.42 करोड़ तथा जलकल विभाग का 313.02 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट शामिल है। शहर की सूरत बदलने और जनता को बेहतर सुविधाएं देने के लिए इस बार कई प्रमुख मदों में बजट की राशि को काफी बढ़ाया गया है। विकास कार्यों की गति तेज करने के लिए निगम ने राजस्व और विकास के खर्चों में जो बढ़ोतरी की है। इसका सीधा असर आम नागरिक के जीवन पर पड़ेगा।

## अधिकारों को कमजोर करने वाले ट्रांसजेंडर संशोधन बिल का विरोध

### ● क्वीयर प्राइड संगठन ने की रद्द करने की मांग




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस क्वियर प्राइड संगठन ने कल रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से संसद में प्रस्तावित ट्रांसजेंडर अधिकार संशोधन बिल 2026 पर बनारस के ट्रांस नागरिकों की आशंका और असहमति साझा की। वक्ताओ का कहना है कि यह संशोधन ट्रांसजेंडर और जेंडर-डाइवर्स लोगों की गरिमा, स्वायत्तता और संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करता है। किन्नर समाज की सलमा चौधरी ने पूछा कि 'आप किस लिंग के हैं, ये आप तय करेंगे या मोदी सरकार? ऐसा कानून जो हमारी पहचान पर नियंत्रण करे, हम नहीं मानेंगे। हम सरकार से इस बिल प्रस्ताव को जल्द से जल्द रद्द करने की मांग करते हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार जलेश्वर उपाध्याय को दी गई श्रद्धांजलि



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वरिष्ठ पत्रकार और चिंतक जलेश्वर उपाध्याय के निधन पर काशी पत्रकार संघ में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहां पत्रकारों और बुद्धिजीवियों ने उपस्थित होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में वक्ताओं ने जलेश्वर उपाध्याय के व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वे केवल एक पत्रकार ही नहीं, बल्कि गहन विचारक और संवेदनशील इंसान थे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## धूमधाम से निकली मां गवरजा की शोभायात्रा



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बाराणसी गवरजा माता उत्सव समिति की ओर से शनिवार को गोलघर स्थित काशी गोशाला से मां गवरजा को शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा बुलानाला, नीचीबाग, चौक बांसफाटक, गोदौलिया पर पहुंचने पर मारवाड़ी सेवा समिति एवं राजस्थान ब्राह्मण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रमेश कुमार चौधरी, सुरेश तुलस्यान, श्रीनारायण खेमका, गोकुल शर्मा, वेद मूर्ति शास्त्री, महेश झुनझुनवाला, उमाशंकर अग्रवाल, विनय चौधरी, महेश पोद्दार, सुनील शर्मा पिंटू शर्मा ने मां गवरजा की गंगा की तर्ज पर महा आरती उतारी व संयोजन समिति के अध्यक्ष कमल अग्रवाल मंत्री राम बुबना का स्वागत किया।

## रथ पर सवार होकर निकले हनुमानजी, भक्तों ने उतारी आरती

### ● 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी का चौथा दिन



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति वाराणसी के तत्वावधान में 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी के चौथे दिन कार्यक्रम संयोजक यतींद्र कथूरिया ने आज के मुख्य अतिथि अवधेश गुप्ता, गौरव गुप्ता का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा हनुमानजी की रथ पर विराजमान विग्रह के समक्ष ज्योत प्रज्वलित करके आरती की गयी व 101 भक्तों में ध्वजा वितरण की गई एवं 21 महिला भक्तों को आरती की थाली प्रदान की गई। यह यात्रा गुरुधाम रविंद्रपुरी दुर्गाकुंड त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर तक गयी। जहां हनुमानजी के चरणों में सभी भक्तों द्वारा लाल ध्वजा अर्पित किया गया। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व आरती हुई और प्रसाद का वितरण हुआ। सूर्योदय शास्त्री, अनूप केशरी, विकास ओझा द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई।

## मेहंदीपुर धर्मसंघ प्रांगण में बालाजी महोत्सव मनेगा 2 अप्रैल को



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** हनुमान प्राकट्य दिवस के उपलक्ष में श्याम बाल मंडल आगामी 2 अप्रैल दिन गुरुवार को धर्म संघ प्रांगण स्थित मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में चतुर्थ मेहंदीपुर बालाजी महोत्सव मनाने जा रहा है। इस संदर्भ में श्याम बाल मंडल की एक बैठक धर्म संघ प्रांगण में रविवार को आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता मंडल के संरक्षक सूर्योदय शास्त्री के द्वारा की गई। महोत्सव धर्म संघ शिक्षा मंडल के सचिव गुरुदेव जगजीतन पाण्डेय के सानिध्य में आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा एवं दिनेश अग्रवाल बनाए गए हैं। बैठक में अजीत शर्मा, दिलीप शर्मा, पवन शर्मा, प्रचार मंत्री सुरेश तुलस्यान, आकाश, कौशल जालान, प्रवीण जायसवाल, संदीप शर्मा, जीतू मोहले, अनूप केशरवानी, नीरज शर्मा, शिवम शर्मा, अक्षत शर्मा, सोहम अग्रवाल, शिवम जायसवाल, अनिल सर्राफ, विष्णु शर्मा, शाश्वत शर्मा मौजूद थे।

## प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत एवं मुख्यमंत्री का आभार



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश सरकार ने उ0प्र0 उद्योग व्यापार संगठन की वर्षों पुरानी मांग को मानते हुए निर्णय लिया है कि 1 अप्रैल 2026 से प्रदेश के खाद्य, फूड, किराना, रेस्टोरेंट, होटल, मिठाई आदि सभी खुदरा व थोक व्यापारियों को राहत देते हुए अब डेढ़ करोड़ तक के टर्नओवर वाले व्यापारी को मात्र 100 रुपये का पंजीकरण कराना होगा जो आजीवन के लिए मान्य होगा उसका रिनुवल कराने की आवश्यकता नहीं होगी। इस निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नीतिन अग्रवाल आबकारी मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हैं।

## 'रोटी, कपड़ा और मकान' के साथ लोकतंत्र के हिमायती थे डॉ लोहिया

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया महान स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी विचारक और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे। उनके विचार 'सप्त क्रान्ति जाति उन्मूलन, आर्थिक समानता, आरक्षण और सत्ता के विकेंद्रीकरण पर आधारित थे। वह 'रोटी, कपड़ा और मकान' के साथ लोकतंत्र के हिमायती थे। लोहियाजी ने समाज के पुनर्गठन के लिए सात क्रांतियों का आह्वान किया, जिसमें स्त्री-पुरुष समानता, जाति आधारित असमानता का अंत, रंगभेद का विरोध, औपनिवेशिक शासन का अंत, आर्थिक समानता, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अहिंसक जीवन शामिल था।




## कौशल विकास कार्यशाला में युवाओं को दी अहम जानकारी

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आशा ट्रस्ट व लोक समिति द्वारा संचालित आशा ज्ञान पुस्तकालय से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र के छात्र/छात्राओं के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित करियर काउंसलिंग के साथ ही कौशल विकास के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में काशी विश्वनाथ कौशल विकास केंद्र की तरफ से आए संतोष कुमार ने युवाओं को असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग डाटा एंट्री ऑपरेटर होटल रूम अटेंड अटेंडेंट फूड एंड बेवरेज स्टीवर्ट कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में अरविंद, परमतोश, मनीष अभिषेक, शमशेर, राहुल, काजल, अरविंद, आकाश, गोलू यास्मीन बानो, सोनाली संध्या, सोनल, राहुल, अंजली, आकांशा, साक्षी, प्रिया, चंदन, प्रीतम, गुड़िया, मुस्कान, गूंजा, चुलबुली, प्रिया ने भाग लिया। संचालन पुस्तकालय के संयोजक पंचमुखी सिंह व स्वागत मनीष कुमार ने किया।

## चहुंओर पथ संचलन में कदमताल

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम उत्सव वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर रविवार को काशी महानगर के तीनों भाग में एक साथ पथ संचलन का आयोजन किया गया। महानगर की सड़कों पर कदम से कदम मिलाकर पूर्ण गणवेश में पथ संचलन कर रहे स्वयंसेवक एकता और अनुशासन का संदेश दे रहे थे। संचलन देख नागरिकों ने भी उत्साह में भारत माता की जयकार कर राष्ट्रभक्ति का वातावरण बना दिया।

## वृद्धों के संग वेदांग फाउंडेशन ने बिताए आत्मीय पल



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित वेदांग फाउंडेशन द्वारा आज सारनाथ स्थित वृद्धाश्रम में एक 'खुशियों भरा दिन' आयोजित किया गया। तनावपूर्ण जीवन के बीच बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से फाउंडेशन के सदस्यों ने उनके साथ समय बिताया। इस अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वृद्धजनों की बीपी और शुगर की जाँच की गई।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## सुल्तानपुर समाचार

### बालिकाओं ने नवदुर्गा स्वरूप में निकाली पदयात्रा



**सुल्तानपुर।** चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को जयसिंहपुर क्षेत्र में एक अनूठी पदयात्रा निकाली गई। इसमें बालिकाओं ने नवदुर्गा के नौ स्वरूपों में सजकर लगभग आठ किलोमीटर की दूरी तय की। यह यात्रा पापर घाट स्थित प्रसिद्ध मरी माई धाम तक पहुंची। धाम पहुंचने पर भक्तों ने माता रानी के जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया, जिससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। धाम में पूजन-अर्चन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अनन्या ब्यूटी पार्लर बरौंसा की संचालिका शिल्पी सिंह, पत्नी संदीप सिंह (मंटू), की देखरेख में किया गया। बालिकाओं ने नवरात्र के नौ स्वरूपों का सजीव अभिनय प्रस्तुत किया। नेहा यादव ने शैलपुत्री, काजल ने ब्रह्मचारिणी, गुड़िया पाल ने चंद्रघंटा, अर्चना गुप्ता ने कुष्मांडा, मन्नू विश्वकर्मा ने स्कंदमाता, नीलम पाल ने कात्यायनी, शिवानी जायसवाल ने कालरात्रि, मुस्कान पाल ने महागौरी और खुशी ने सिद्धिदात्री माता का स्वरूप धारण किया।

आयोजक संदीप सिंह (मंटू) ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बालिकाओं में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संस्कारों का विकास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे क्षेत्र में नवरात्र पर्व की गरिमा बढ़ती है।

## सोनभद्र समाचार

### दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**सोनभद्र।** जल जीवन मिशन के तहत हर्रा-कदरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत फ्लोरा-सिस प्रभावित क्षेत्रों में 'हर घर नल योजना' विफल साबित हो रही है। कचनरवा और कुड़वा सहित कई गांवों में नल कनेक्शन होने के बावजूद वर्षों से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। इसके कारण ग्रामीण फ्लोराइड युक्त और नदी-नालों का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। समस्या से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को कुड़वा में प्रदर्शन किया और जल निगम तथा कार्यदायी संस्था के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था ने पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन देने में गंभीर अनियमितताएं बरती हैं। कई स्थानों पर पाइपलाइन मानक के अनुसार गहराई में नहीं डाली गई है, और कई गांवों में अभी तक कनेक्शन भी नहीं हो सके हैं। उनका यह भी आरोप है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद पानी की टंकी केवल दिखावा बनकर रह गई है।

## जौनपुर समाचार

### चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन मां शीतला की विशेष पूजा



**जौनपुर।** आस्था केंद्र शीतला चौकिया धाम में चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने अपने छोटे बच्चों का मुंडन संस्कार कराया। मुंडन संस्कार के बाद श्रद्धालुओं ने माता रानी को हलवा-पूरी का प्रसाद चढ़ाया। उन्होंने परिवार की सुख-शांति के साथ-साथ मां शीतला से हैजा, कालरा और चेचक जैसे मौसमी रोगों से बचाव के लिए भी प्रार्थना की। मां का श्रृंगार गेंदा, गुड़हल और कमल के फूलों की माला से किया गया और मेवा, बरफी तथा फल का भोग लगाया गया। महत विवेकानंद पंडा ने बताया कि देवी मां की पूजा करने से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। शास्त्रों के अनुसार, इनके पूजन से साधक को न केवल सांसारिक सुख-समृद्धि मिलती है, बल्कि दिव्य ज्ञान और आरोग्य भी प्राप्त होता है।

उन्होंने यह भी बताया कि मां दुर्गा को सिंह पर सवार और चार भुजाओं वाली देवी के रूप में वर्णित किया गया है। मंदिर के कपाट सुबह 4 बजे खोल दिए गए थे। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से माता के दर्शन किए। जानकारी के अनुसार, पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां शीतला के दर्शन किए।

## मऊ समाचार

### 45 हजार से अधिक किसानों की सम्मान निधि पर संकट

**मऊ।** जिले में फार्मर रजिस्ट्री की धीमी रफ्तार अब हजारों किसानों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। समय पर रजिस्ट्री न होने के कारण करीब 45 हजार से अधिक किसानों की सम्मान निधि सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने पर संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है लेकिन कागजों में त्रुटियों के कारण फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। इसके बिना किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समेत अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। जिले में अब तक 74.15 प्रतिशत किसानों की ही फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो पाई है जबकि शेष किसानों का पंजीकरण अभी बाकी है। आंकड़ों के अनुसार जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी किसानों की संख्या लगभग 2लाख 40 हजार 751 है। इनके सापेक्ष अब तक 1 लाख 94 हजार 986 किसानों की ही फार्मर रजिस्ट्री हो सकी है।

## भदोही समाचार

### स्वर्णकार संघ सुरियावां के अध्यक्ष बने मनोज वर्मा, संजय महामंत्री




**सुरियावां।** स्वर्णकार संघ की विशेष प्रादेशिक प्रवास व बैठक रविवार को नगर के एक लॉन में हुई। इसमें समाज को संगठित होने पर बल दिया। कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सेठ की देखरेख में स्वर्णकार संघ सुरियावां का चुनाव हुआ। इसमें अध्यक्ष पद पर मनोज वर्मा व महामंत्री पद संजय वर्मा चुने गए। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा संगठन की मजबूती उसके सदस्य होते हैं और संगठित रहने से समाज की अलग मजबूती और पहचान बनी रहती है। इसके साथ ही सुख-दुख में भी समाज साथ खड़ा दिखाई देता है। राकेश वर्मा ने कहा कि राजनीति में भी समाज के लोगों को बढ़-चढकर भागीदारी करनी चाहिए।

जिसके लिए समाज के लोगों का संगठित होना जरूरी है। कहा कि सरकार से उनकी तीन मांगे हैं। जिसमें स्वर्णकारों को शस्त्र लाइसेंस करने, स्वर्णकार आयोग का गठन करने और स्वर्णकार समाज को आरक्षण दिया जाए। संचालन अनिल वर्मा व जिलाध्यक्ष लोकेश सेठ ने आभार जताया।

## मीरजापुर समाचार

### मझवा विधायक ने गणेश प्रतिमा एवं मां सरस्वती के मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

**मीरजापुर।** शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले विद्यार्थी ही देश एवं विदेश में अपना एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करते हैं।

उक्त विचार मझवा विधायक श्रीमती शुचि स्मिता मौर्या बतौर मुख्य अतिथि परवा राजधर स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बसे बालक बालिकाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है इन्हें सही दिशा देकर समाज का श्रेष्ठ नागरिक बनाया जा सकता है। श्रीमती मौर्या ने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करनी चाहिए जिससे उनका मनोबल बढ़े और वे देश का नाम रोशन करें। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें और पढ़ाई में उनकी रुचि बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को



अपने महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को विनम्रता और शालीनता के साथ आगे बढ़ाने का सतत प्रयास करना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक घनश्याम ओझा ने मुख्य अतिथि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्य अतिथि श्रीमती मौर्या ने गणेश प्रतिमा एवं मां सरस्वती के मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनपद के संपादक एवं पत्रकार विष्णुकांत पांडे, विजय दुबे, अशोक कुमार तथा विश्वजीत दुबे को 'कमल गौरव' से सम्मानित कर प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया। मनोज शुक्ला को जिला सूचना अधिकारी श्री ओम प्रकाश उपाध्याय ने स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिया। लोक गायन के क्षेत्र में संजय सुरीला, अशोक कुमार यादव, संजय तिवारी, उषा गुप्ता, मोहम्मद मुस्तकीम को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विद्यालय की शिक्षक ममता देवी, कल्पना ओझा, बुलबुल राही, आंचल पटेल, रोशनी दूबे, प्रज्ञा सिंह, नैन्सी विश्वकर्मा, विकास ओझा को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों में गुड़िया, संजना,कशिश, जेसिका, वर्षा, परी, अंशिका रुचि, वंश, आर्यन, संदीप मयंक अन्नु,आइवा, कृतिका अन्नया,दीक्षा, रुद्र, भानु, अभिनय तिवांशी, दीप, शिखा राज लक्ष्य, आदि छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने आगत अतिथियों का मन मोह लिया।

## चंदौली समाचार

### तालाब में उतराया मिला दो दिन से लापता युवक का शव

**पीडीडीयू नगर।** नगर के कसाब महाल से दो दिन पहले लापता युवक का शव रविवार की सुबह मानसरोवर तालाब में उतराया मिला। पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव को बाहर निकलवाया। युवक तालाब के समीप कैसे पहुंचा और उसकी मौत कैसे हुई। इसका पता नहीं चला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अलीनगर थाना अंतर्गत मानसरोवर तालाब के पास सोमवार की सुबह लोग टहल रहे थे। इसी बीच तालाब में शव उतराया दिखा। शव मिलने की जानकारी होते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। सूचना के बाद अलीनगर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से शव तालाब से बाहर निकलवाया। शव की मिलने की सूचना पर कसाब महाल निवासी शाहिद शाह मौके पर पहुंचा और मृत युवक की पहचान जाहिद शाह (20) पुत्र जिलानी के रूप में की।

## गोरखपुर समाचार

### नोएडा और शाहजहांपुर से चल रहा था ठगी का नेटवर्क



**गोरखपुर।** ऑनलाइन गेमिंग एप में निवेश और ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को ठगने वाले गिरोह की जांच में सामने आया कि इसका संचालन नोएडा और शाहजहांपुर में बैठे मास्टरमाइंड के इशारे पर किया जा रहा था। पुलिस के मुताबिक, शहर के दो होटलों में सेमिनार आयोजित कर लोगों को निवेश और ऑनलाइन कमाई के सपने दिखाए जाते थे। इसी दौरान उन्हें झांसे में लेकर उनके बैंक खातों की अहम जानकारी हासिल कर ली जाती थी। रामगढ़ताल थाना पुलिस ने शुक्रवार देर रात तारामंडल स्थित होटल में फॉरेक्स ट्रेडिंग और ऑनलाइन गेमिंग में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया था। आरोपियों की पहचान अंबेडकरनगर के जहांगीरगंज, लखनडीह निवासी अजीत यादव, बलिया के बांसडीह, छोटकी सेढिया निवासी पारतेश सिंह, कुशीनगर के बृजमनगंज आलम चक निवासी अजय कुमार और कुशीनगर के सेनुआ निवासी गणेश साहनी के रूप में हुई थी। शनिवार दोपहर पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि उन्हें मोबाइल फोन और जरूरी उपकरण नोएडा निवासी अजय की ओर से उपलब्ध कराए जाते थे। आरोपी अजीत यादव ने बताया कि वह नौ मार्च 2026 को तारामंडल इलाके के एक अन्य होटल में फर्जी आधार कार्ड के जरिये रुका था। इसी तरह वह यूपी समेत अन्य प्रदेशों के जिलों में अलग-अलग होटलों में पहचान बदलकर ठहरते थे ताकि पुलिस से बचा जा सके। आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि वे पिछले सात-आठ महीनों से इस धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे थे। गिरोह के गुर्गे क्रिप्टो और फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को जोड़ते थे। इसके बाद खाताधारकों को एक एपीके फाइल डाउनलोड कराई जाती थी, जिससे उनके मोबाइल पर आने वाला ओटीपी सीधे आरोपियों तक पहुंच जाता था। आरोपी अजय गिरोह के गुर्गों से व्हाट्सएप कॉल के जरिये संपर्क में रहता था।

## बलिया समाचार

### साइकिल की जिद पूरी न होने पर किशोरी ने सरयू में लगाई थी छलांग, तीसरे दिन मिला शव

**जयप्रकाश नगर।** सरयू नदी पर बने जयप्रभा सेतु से बृहस्पतिवार को नदी में कूदी किशोरी का शव तीसरे दिन रविवार को उतराया मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त खुशी कुमारी (13) पुत्री सोहन प्रसाद यादव निवासी सुकरौली गांव के रूप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दोकटी थाना क्षेत्र के सुकरौली गांव निवासी सोहन प्रसाद यादव की 13 वर्षीय बेटी खुशी कुमारी टोला शिवन राय स्थित कंपोजिट विद्यालय में कक्षा आठ की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार वह विद्यालय जाने के लिए अपनी मां से साइकिल खरीदने की जिद कई दिनों से कर रही थी। मां ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए कुछ समय बाद साइकिल दिलाने की बात कही थी।

## आजमगढ़ समाचार

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक को टक्कर मारी, फर्नीचर कारोबारी की मौत, बेटा घायल



**देवगांव।** कोतवाली क्षेत्र के कमालगंज (गोसाईगंज) बाजार में शनिवार की रात स्कॉर्पियो की चपेट में आने से पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान रविवार की सुबह पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र का इलाज चल रहा है। बरसेरवा गांव निवासी अजय विश्वकर्मा (30) ने बताया कि उनके पिता सियाराम विश्वकर्मा (60) कमालगंज बाजार में फर्नीचर की दुकान है। शनिवार की रात करीब 9 बजे दोनों दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे थे। दुकान से लगभग 100 मीटर दूर पहुंचे ही थे कि जौनपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से भाग गए। घटना के बाद राहगीरों व बाजार के लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन दोनों घायलों को जौनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए, जहां रविवार की सुबह तड़के सियाराम की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन शव को घर लेकर लौट आए और डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल विमल प्रकाश राय ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, लेकिन अभी तक परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

## देवरिया समाचार

### शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर शिक्षकों ने किया रक्तदान

**देवरिया।** शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर देवरिया प्राइवेट टीचर्स फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ की ओर से साकेत नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें देश के शहीदों की स्मृति में जरूरमंदों के लिए रक्तदान किया गया। मुख्य अतिथि विजय पटेल ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे कार्य समाज में सेवा, समर्पण और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। रक्तदान शिविर में कुल 22 यूनिट रक्तदान किया गया। यह जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगा। रक्तदान करने वालों में राहुल कुमार चौहान, प्रकाश पांडेय, प्रियंका बर्नवाल, विनय कुमार पांडेय, डॉ. अकील देवदत्त तिवारी, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अंकित शर्मा, स्मिता सिंह, कृतिका शर्मा सहित आदि शामिल रहे।

## प्रतापगढ़ समाचार

### दो बीवी, 18 बच्चे, तीसरी महिला से अफेयर, प्रेमिका से मिलने गए पूर्व प्रधान का कत्ल, 'प्यार' ने इसलिए मारा



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। चार दिन से गायब पूर्व प्रधान गुलहसन उर्फ मुन्ना का रविवार को सुमेरपुर के पास बोरी में भरा शव मिला। प्रेम प्रसंग में महिला समेत तीन लोगों पर हत्या का आरोप है। मृतक 18 बच्चों का पिता था। महिला पुलिस की हिरासत में है। अन्य दो आरोपियों की तलाश जारी है। मानधाता थाना क्षेत्र के मिश्रपुर मुस्तरका के पूर्व प्रधान गुलहसन (50) उर्फ मुन्ना बाइक से 18 मार्च को बाजार की ओर निकले थे। परिजनों के अनुसार, दो दिन तक पता न चलने पर अनहोनी की आशंका जताते हुए मानधाता थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। तीसरे दिन उनकी बाइक, चाबी और हेलमेट मऊआइमा कल्याणपुर के समीप महरोड़ा में मिला, जिसे मऊआइमा पुलिस थाने ले गई। इसके बाद मानधाता व मऊआइमा पुलिस पूर्व प्रधान की खोजबीन में जुट गई। एएसपी पूर्वी शैलेंद्र लाल ने बताया कि परिवार के लोगों के शक जताने व मोबाइल की कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस टीम ने ससुराल मिश्रपुर मुस्तरका से जेठवारा के बगियापुर मायके गई सुमन देवी को हिरासत लिया। पूछताछ में उसने गुलहसन की हत्या का जुर्म स्वीकार कर लिया। बताया कि उसने उसे परेशान कर रखा था। पीछा छुड़ाने के लिए उसने भाई व उसके दोस्त के साथ मिलकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को उर्वरक की बोरी में भरकर शारदा सहायक नहर में फेंक दिया। रविवार की सुबह सुमेरपुर में शारदा सहायक नहर में बोरी में भरा शव मिला। मौके पर पहुंची पत्नी किस्मतुल निशा ने शव की शिनाख्त अपने पति गुलहसन के रूप में की। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की छानबीन व साक्ष्य संकलन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई। हत्या से मिश्रपुर मुस्तरका गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। गुलहसन ने दो शादियां की थीं।

## गाजीपुर समाचार

### तीसरे दिन मिले चालक-किसान के शव



**सुहवल ( गाजीपुर )।** वीर अब्दुल हमीद सेतु की रेलिंग तोड़कर गंगा में ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित गिरे चालक समेत दो लोगों के शव तीसरे दिन रविवार की सुबह 8:25 बजे उतराए मिले। घटनास्थल से करीब एक किमी दूर कालूपुर घाट पर कृष्णा उर्फ टिल्लू यादव (25) और सुजानपुर के पास उपेंद्र यादव (40) के शव मिले। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने दोनों शवों को निकाला। ट्रैक्टर व ट्रॉली को शनिवार को ही क्रेन की मदद से बाहर निकाल लिया गया था। उपेंद्र के शव को पत्नी रीता और कृष्णा के शव को पत्नी गोल्डी ने कंधा दिया तो कालूपुर और मेदनीपुर गांव गमगीन हो उठा। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि 20 मार्च की रात करीब 8:15 बजे गाजीपुर की ओर से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली बाइक सवार को बचाने के चक्कर में वीर अब्दुल हमीद सेतु की रेलिंग तोड़ते हुए गंगा में गिर गई थी। पुलिस ने नाविकों एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण कुछ पता नहीं चल सका। दूसरे दिन 21 मार्च को एसडीआरएफ की टीम गंगा में उतरी और करीब 19 घंटे बाद क्रेन से ट्रॉली निकाली गई, जबकि 22 घंटे बाद इंजन निकालने में टीम सफल हो पाई। कालूपुर निवासी ट्रैक्टर चालक उपेंद्र यादव और मेदनीपुर निवासी कृष्णा उर्फ टिल्लू का पता नहीं चल सका। अंधेरा होने के कारण सर्च अभियान रोक दिया गया था।

## लाइफ मंत्र

### आखिर मां दुर्गा के हाथ में कैसे आया भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र? पढ़ें महिषासुर वध से जुड़ी है ये कथा

सनातन धर्म में मां दुर्गा को शक्ति का साक्षात स्वरूप माना गया है, जो न केवल ममतामयी हैं, बल्कि अधर्म का नाश करने वाली महायोद्धा भी हैं। जब भी हम मां दुर्गा के भव्य स्वरूप का दर्शन करते हैं, तो उनके हाथों में सुसज्जित दिव्य अस्त्र-शस्त्र हमें सुरक्षा का अहसास कराते हैं। लेकिन आपने कभी सोचा है कि भगवान विष्णु का सबसे घातक अस्त्र, सुदर्शन चक्र, शांत स्वभाव वाली देवी के हाथों में कैसे पहुंचा। यह कथा केवल एक युद्ध की कहानी नहीं है, बल्कि यह ब्रह्मांड की रक्षा के लिए सभी देवताओं के एकजुट होने का प्रमाण है। जब महिषासुर के आतंक से स्वर्ग का सिंहासन डोलने लगा और स्वयं त्रिदेव ने अपनी सामूहिक ऊर्जा से



एक महाशक्ति को जन्म दिया, तब उस देवी को अजेय बनाने के लिए देवताओं ने अपने सबसे शक्तिशाली अंश उन्हें दान किए थे। विष्णु पुराण और देवी भागवत पुराण के अनुसार, सुदर्शन चक्र का मां दुर्गा के हाथों में आना एक ऐसी घटना थी जिसने युद्ध की दिशा ही बदल दी। तो आइए जानते हैं उस रोमांचक क्षण के बारे में जब जगत के पालनहार ने अपनी सबसे बड़ी शक्ति एक नारी शक्ति को सौंप दी और कैसे यह अस्त्र महिषासुर के अंत का मुख्य कारण बना।

**महिषासुर का आतंक और मां दुर्गा का प्राकट्य**

कथा के अनुसार, जब असुर राज महिषासुर ने ब्रह्मा जी से 'अजेय' होने का वरदान प्राप्त कर लिया, तो उसने स्वर्ग पर आक्रमण कर इंद्र देव और अन्य देवताओं को वहां से खदेड़ दिया। महिषासुर को यह वरदान था कि उसका वध केवल एक 'स्त्री' के हाथों ही संभव था, जिसके कारण वह स्वयं को अमर समझने लगा था। हारे हुए देवता जब भगवान विष्णु और महादेव की शरण में पहुंचे, तो देवताओं के कष्ट सुनकर ब्रह्मा, विष्णु और महेश के मुख से एक दिव्य तेज पुंज प्रकट हुआ। सभी देवताओं का वह तेज मिलकर एक अत्यंत सुंदर और शक्तिशाली शक्ति के रूप में बदल गया, जिन्हें हम मां दुर्गा के नाम से जानते हैं। देवी दुर्गा को महिषासुर से युद्ध करने के लिए सभी देवताओं ने अपनी शक्तियां और अस्त्र भेंट किए। भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र में से एक चक्र निकालकर देवी दुर्गा को प्रदान किया। महादेव ने अपने त्रिशूल की शक्ति उन्हें सौंपी। देवराज इंद्र ने अपना वज्र और ऐरावत हाथी का घंटा देवी को दिया। वरुण देव ने पावन शंख भेंट किया। काल देव ने तलवार, अग्नि देव ने शक्ति, और हिमालय ने सवारी के लिए सिंह भेंट किया। मां दुर्गा के आठ या दस हाथों में सुदर्शन चक्र का होना इस बात का प्रतीक है कि उनके पास सृष्टि को चलाने और विनाश करने की संपूर्ण शक्ति है। युद्ध के दौरान, इसी चक्र और अन्य अस्त्रों की सहायता से देवी ने महिषासुर की विशाल सेना का संहार किया और अंततः उस अधर्मी असुर का वध कर दिया।

## Navratri Outfit को लेकर हैं Confuse? घरचोला साड़ी है Best Option, ये डिजाइन हैं ट्रेंड में



नवरात्रि के त्योहार पर ट्रेडिशनल और खूबसूरत लुक के लिए लेटेस्ट डिजाइन की घरचोला साड़ियां बेहतरीन विकल्प हैं। इस फेस्टिव सीजन में आप गज्जी सिल्क, पटोला रेशम और पारंपरिक प्रिंटेड गुजराती घरचोला साड़ी ट्राई कर सकती हैं, जो आपके लुक को खास बनाएंगी। नवरात्रि का पर्व की शुरुआत हो चुकी है। इन नौं दिनों तक साधक मां दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए विधिवत रुप से पूजा करते हैं। इस नवरात्र में माता की पूजा करते समय इन स्टाइलिश साड़ियों को जरुर पहनें। आप भी इस बार नवरात्रि में लेटेस्ट डिजाइन वाली घरचोला साड़ी को वियर कर सकते हैं। अपना नवरात्रि लुक खास बनाने के लिए आप इस तरह की साड़ियों को जरुर खरीदें। आइए आपको लेटेस्ट डिजाइन वाली घरचोला साड़ी डिडाइंस बताते हैं।

**लाल रंग की कढ़ाई वाली गज्जी सिल्क घरचोला साड़ी**

अगर आप इस नवरात्रि हर बार की तरह नहीं बल्कि कुछ अलग और खास दिखना चाहती हैं, तो लाल रंग की कढ़ाईदार गज्जी सिल्क घरचोला साड़ी आपके लिए बेहतरीन विकल्प साबित हो सकती है। यह साड़ी आपके लुक को और भी आकर्षक बना देगी। आप इसे ऑनलाइन या नजदीकी बाजार से आसानी से खरीद सकती हैं।

**एलिफेंट प्रिंट पटोला रेशम घरचोला साड़ी**

यदि आप नवरात्रि के दौरान भीड़ से अलग लुक क्रिएट करना चाहती है और आपको बेहद स्टाइलिश और कुछ हटके दिखना हैं, तो इस तरह की साड़ी को खरीद सकती है। आप इसे ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकते हैं। एलिफेंट प्रिंट पटोला रेशम घरचोला साड़ी को भी ट्राई कर सकती हैं।

**कैरी डिजाइन पारंपरिक घरचोला साड़ी**

अगर आप नवरात्रि के लिए कुछ खास चुनना चाहती हैं, तो कैरी डिजाइन वाली पारंपरिक घरचोला साड़ी को अपनी वॉर्डरोब में शामिल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ियां आजकल काफी ट्रेंड में हैं और आपके लुक को खास बना देती हैं। यही वजह है कि यह डिजाइन कई महिलाओं की पसंद बन चुका है और आपके लिए भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है।

**ट्रेडिशनल प्रिंटेड गुजरती घरचोला साड़ी डिजाइन**

इस बार नवरात्र में आप ट्रेडिशनल प्रिंटेड गुजराती घरचोला साड़ी को वियर कर सकते हैं। इस तरह की साड़ी आपको काफी पसंद आएगा। इस तरह की साड़ी आप मार्केट या फिर ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं। यह साड़ी खासकर त्योहार पर पहनने के लिए सबसे बेस्ट है।



# होममेड फेस पैक रोज लगाना सही है या गलत? जानिये सही फ्रीक्वेंसी

आज के समय में लोग मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट्स से ज्यादा होममेड उपायों पर भरोसा करते हैं। दादी-नानी के जमाने से चले आ रहे ये नुस्खे ना केवल बजट फ्रेंडली हैं, बल्कि नेचुरल भी हैं और इनके रिजल्ट्स भी काफी अच्छे होते हैं। यही वजह है कि हम में से ज्यादातर लोग अपनी स्किन को पैम्पर करने के लिए घर पर ही फेस पैक बनाकर लगाते हैं। हालांकि, होममेड फेस पैक होने का मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि आप इन्हें किसी भी तरह इस्तेमाल करें। मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट्स की ही तरह घर के फेस पैक को लगाने का भी एक सही तरीका होता है। अगर इन्हें हर दिन लगाया जाए तो ये आपकी स्किन को परेशान भी कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कि होममेड फेस पैक लगाने की सही फ्रीक्वेंसी क्या होनी चाहिए-

**नॉर्मल स्किन बैलेंस्ड होती है, इसलिए उसको ज्यादा पुश करने की जरूरत नहीं होती है। इसलिए, आपके लिए प्रति सप्ताह 2-3 बार फेस पैक लगाना पर्याप्त है। आप सप्ताह में एक दिन हाइड्रेटिंग पैक जैसे दही व शहद बेस्ड, एक दिन ग्लो पैक हल्दी व बेसन बेस्ड और एक दिन फ्रूट बेस्ड फेस पैक लगा सकती हैं।**

नॉर्मल स्किन बैलेंस्ड होती है, इसलिए उसको ज्यादा पुश करने की जरूरत नहीं होती है। इसलिए, आपके लिए प्रति सप्ताह 2-3 बार फेस पैक लगाना पर्याप्त है। आप सप्ताह में एक दिन हाइड्रेटिंग पैक जैसे दही व शहद बेस्ड, एक दिन ग्लो पैक हल्दी व बेसन बेस्ड और एक दिन फ्रूट बेस्ड फेस पैक लगा सकती हैं।


**रूखी स्किन**

रूखी स्किन में पहले ही मॉइश्चर की कमी होती है, इसलिए अगर आप ज्यादा फेस पैक लगाएंगी तो इससे स्किन और भी ज्यादा रूखी व खिंची-खिंची महसूस होगी। इसलिए आप सप्ताह में बस एक से दो बार ही फेस पैक लगाएं। अपनी स्किन के रूखेपन को कम करने के लिए आप मलाई, शहद या एलोवेरा आदि का इस्तेमाल करें। चूंकि आपकी स्किन रूखी है तो ऐसे में आप मुल्तानी मिट्टी से बचें। साथ ही, फेस पैक के बाद मॉइश्चराइजर भी जरूर लगाएं।

**ऑयली स्किन**

चूंकि ऑयली स्किन में अतिरिक्त सीबम होता है, तो थोड़ा नियंत्रण जरूरी है। अगर आप हर दिन फेस पैक लगाएंगी तो इससे स्किन पर रिवर्स इफेक्ट होगा और स्किन और भी ज्यादा ऑयल बनाएगी। इसलिए, आप सप्ताह में दो से तीन बार फेस पैक लगाएं। फेस पैक बनाते समय आप मुल्तानी मिट्टी, नीम या गुलाब जल आदि का इस्तेमाल करें। यह इंग्रीडिएंट्स आपकी स्किन के अतिरिक्त ऑयल को कम करने में मदद करेंगे।

# सूखी लिपस्टिक को न समझें बेकार, ये Amazing Beauty Hacks मिनटों में बना oWies Brand New



क्या आप जानती हैं कि पुरानी और सूखी लिपस्टिक कितने काम की होती है। क्या आप जानती हैं कि आसान नुस्खों की मदद से आप सूखी, पुरानी और टूटी हुई लिपस्टिक को फिर से नया रूप दे सकती हैं। हमारी फेवरेट लिपस्टिक न जाने कब रखे-रखे सूख जाती है और हमें पता भी नहीं चलता है। वहीं कई बार जब लिपस्टिक का इस्तेमाल करते हैं, तो वह जल्दी टूट जाती है। कई बार थोड़ा सा इस्तेमाल करने से बाद हम लिपस्टिक को बेकार समझकर फेंक देते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि पुरानी और सूखी लिपस्टिक कितने काम की होती है। क्या आप जानती हैं कि आसान नुस्खों की मदद से आप सूखी, पुरानी और टूटी हुई लिपस्टिक को फिर से नया रूप दे सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि सूखी लिपस्टिक को फेंकने की बजाय इसको दोबारा कैसे इस्तेमाल में ला सकती हैं।

**सूखी लिपस्टिक में नारियल तेल डालें**

अगर मैट लिपस्टिक ज्यादा ड्राई हो गई है और होंठों पर सही से नहीं लग रही है। तो इसको फेंकने की जरूरत नहीं है। आप बुलेट से लिपस्टिक को थोड़ा सा बाहर निकालें। फिर इस पर बादाम तेल या फिर नारियल तेल की एक-दो बूंद डालें। अब इसको रातभर के लिए छोड़ दें। इस तरह से अगले दिन आप पाएंगी कि आपकी लिपस्टिक मक्खन की तरह स्मूथ हो जाएगी।

**गर्म पानी का इस्तेमाल**

लिपस्टिक सूखने की मुख्य वजह इसकी नमी का खत्म हो जाना है। इसके लिए एक कटोरी में गर्म पानी लें। फिर लिपस्टिक को अच्छे से बंद करके इसमें 5 से 10 मिनट के लिए रख दें। गर्म पानी की गर्माहट से अंदर जमा हुआ वैक्स पिघल जाएगा और टेक्सचर फिर से मुलायम हो जाएगा।

**टूटी हुई लिपस्टिक को ऐसे जोड़ें**

जब महंगी लिपस्टिक टूट जाती है, तो बड़ा दुख होता है। लेकिन इसको ठीक करना बहुत आसान है। टूटे हुए हिस्से के निचले सिरे को लाइटर या माचिस की मदद से पहले हल्का गर्म कर लें। फिर जब लिपस्टिक पिघल जाए, तो इसको वापस बेस पर चिपकाएं। इसको 1 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इस आसान तरीके से आपकी लिपस्टिक फिर से जुड़ जाएगी।

**कस्टमाइज्ड लिप पैलेट**

अगर आपके पास कई लिपस्टिक के छोटे-छोटे टुकड़े बचे हैं। तो आप सभी टुकड़ों को एक चम्मच में निकाल लें। फिर मोमबत्ती की लौ के ऊपर रखकर लिपस्टिक के टुकड़ों को हल्का पिघलाएं। अब इसमें थोड़ा सा वैसलीन मिलाएं। इस मिश्रण को एक छोटी खाली डिब्बी में भर लें और जमने दें। इस आसान तरीके से आपका नया क्रीमी लिप बाम या लिपस्टिक पैलेट तैयार है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, सिजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेलिजया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी (लिगामेंट सर्जरी) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
India's No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682